# छत्तीसगढ़ के सभी परिवहन कार्यालयों में होगा सेंसर आधारित ड्राइविंग टेस्ट ट्रेक

## चर्चा में क्यों?

23 दिसंबर, 2021 को छत्तीसगढ़ के मंत्रालय महानदी भवन में मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में हुई परिवहन विभाग की बैठक में राज्य के सभी परिवहन कार्यालयों में सेंसर आधारित ऑटोमेटेड कंप्यूटराइज्ड ड्राइविंग टेस्ट ट्रेक बनाए जाने का निर्णय लिया गया।

## प्रमुख बिंदु

- मुख्य सचिव जैन ने बैठक में राज्य के सभी ज़िलों में ऑटोमेटेड कंप्यूटराइज्ड ड्राइविंग टेस्ट ट्रेक का निर्माण करने और वाहनों के पार्किंग प्रक्रिया को ड्राइविंग टेस्ट में अनिवार्य रूप से शामिल करने के निर्देश दिये।
- ड्राइविंग लाइसेंस पाने के लिये वाहन चालकों को इस कंप्यूटराइज्ड ड्राइविंग टेस्ट को पास करना होगा।
- बैठक में परिवहन विभाग के अपर आयुक्त दीपांशु काबरा ने बताया कि ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट से सड़क हादसों में कमी आएगी। ड्राइविंग टेस्ट के सभी चरणों को सफलतापूर्वक पास करने वाले वाहन चालकों के ही ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाएंगे।

दिल्ली और गुजरात राज्य में ऑटोमेडेट ड्राइविंग टेस्ट ट्रेक के सफल परिणामों के देखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य में भी इसे अपनाया जा रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sensor-based-driving-test-track-will-be-done-in-all-transport-offices-of-chhattisgarh